राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर बिहारवासियों से प्रभु यीशु के संदेशों से प्रेरणा ग्रहण करने का अनुरोध किया

पटना, 01 अप्रैल 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर बिहारवासियों से प्रभु यीशु के 'संदेशों' से प्रेरणा ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

राज्यपाल ने कहा है कि 'गुड फ्राइडे' प्रभु यीशु के बलिदान का पुण्य स्मृति–दिवस है। उन्होंने कहा है कि ईसा मसीह ने अपने जीवन–मूल्यों एवं बलिदान के जरिये इंसान को भाईचारा, त्याग, सद्भावना, शांति एवं प्रेम का संदेश दिया। उनके उपदेश आज भी हमें सच्चाई और समर्पण के रास्ते पर सतत आगे बढ़ने की सीख देते हैं।

राज्यपाल श्री चौहान ने कहा है कि 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर हमें प्रभु यीशु द्वारा बताये गये मानवीय–मूल्यों के अनुसरण का संकल्प लेना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा है कि राज्य में 'कोरोना वायरस' के संक्रमण से बचाव के लिए संबंधित सरकारी मार्ग–निर्देशों पर पूरी तरह अमल अपेक्षित है।

....